# UPSSSC

## Previous Year Paper

### Forest Guard
### 2 Dec 2018 Shift 1

# उत्तर प्रदेश सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
# विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा 2018
## प्रथम पाली
**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि : 02-12-2018)

## हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता
## (Hindi Knowledge & Writing Ability)

**1. यदि सभी राज्य सरकारों को कोई एक सरकारी पत्र भेजा गया हो, तो उसे क्या कहते हैं?**

(a) सूचना (b) परिपत्र
(c) आज्ञा पत्र (d) अधिसूचना

**Ans. (b) :** अधिकारियों आदि को सूचनार्थ भेजा जाने वाला अधिकारिक पत्र परिपत्र कहलाता है।
सूचना (Information) पद का अर्थ-सूचित करना, कहना, समाचार, बताई गई बात आदि से होता है।
आज्ञापत्र का अर्थ आदेश पत्र होता है
अधिसूचना का अर्थ विशेष सूचना या विज्ञप्ति होता है।

**2. अधिसूचना का प्रयोग किस क्षेत्र में नहीं किया जाता?**

(a) नियम (b) आदेश
(c) कर्त्तव्य (d) अधिकार

**Ans. (c) :** अधिसूचना का प्रयोग कर्त्तव्य क्षेत्र में नहीं किया जाता है, अन्य विकल्प नियम, आदेश, अधिकार के क्षेत्र में किया जाता है। अधिसूचना का प्रयोग अन्य क्षेत्रों में भी किया जाता है, जैसे-विज्ञप्ति निकलना, विशेष सूचना प्रदान करना।

**3. उद्देश्य में कर्त्ता के साथ और क्या रहता है?**

(a) कर्त्ता-विस्तार (b) कर्त्ता-पूरक
(c) कर्त्ता-विधेय (d) विधेय-पूरक

**Ans. (a) :** उद्देश्य में कर्त्ता के साथ, कर्त्ता - विस्तार का प्रयोग करते हैं।

**4. जो शब्द वाक्यांशों, वाक्य तथा शब्दों को जोड़ते हैं, उन्हें क्या कहते हैं?**

(a) व्याधिकरण (b) सम्बंधिकरण
(c) समानाधिकरण (d) समुच्चयबोधक

**Ans. (d) :** जो शब्द वाक्यांशों, वाक्य तथा शब्दों को जोड़ते हैं समुच्चयबोधक अव्यय कहलाते हैं। कुछ प्रमुख समुच्चयबोधक अव्यय हैं- और, वरना, किन्तु, परन्तु, एवं, तथा, अन्यथा आदि।
उदाहरण- 1. राम ने खाना खाया और सो गया।
2. श्रुति और गुंजन पढ़ रहे हैं।
जबकि व्यधिकरण, सामानाधिकरण, समुच्चयबोधक के भेद हैं।

**5. भाव वाच्य छाँटिए:**

(a) दादाजी के द्वारा अनिल को डाँटा गया।
(b) तोते से उड़ा नहीं गया।
(c) अशोक ने आइसक्रीम खाई।
(d) चोर पकड़ा गया।

**Ans. (b) :** कर्मवाच्य-दादा जी के द्वारा अनिल को डाँटा गया।
कर्तृवाच्य-अशोक ने आइसक्रीम खाई। चोर पकड़ा गया
भाववाच्य-तोते से उड़ा नहीं गया।
वाच्य तीन प्रकार के होते हैं-
1. कर्तृवाच्य-जिस वाक्य में क्रिया कर्त्ता के अनुसार प्रयुक्त होती है।
2. कर्मवाच्य- वाक्य में क्रिया कर्म के अनुसार प्रयुक्त होती।
3. भाववाच्य- वाक्य में क्रिया कर्त्ता अथवा कर्म के अनुसार प्रयुक्त न हो, बल्कि वाक्य के भाव के अनुसार प्रयुक्त होती है।

**6. दो प्राणियों तथा वस्तुओं के बीच तुलना की जाती है तो क्रिया किस रूप में दिखाई पड़ती है?**

(a) मूलावस्था (b) पूर्ववस्था
(c) उत्तरावस्था (d) उत्तमावस्था

**Ans. (c) :** विशेषण की तीन अवस्थायें होती हैं-
(1) **मूलावस्था**-इसमें विशेषणों का सामान्य प्रयोग होता है यहाँ किसी के साथ तुलना नहीं की जाती है।
जैसे-राम एक वीर बालक है
सीता एक सुन्दर कन्या है
(2) **उत्तरावस्था**-इसमें दो व्यक्तियों अथवा वस्तुओं की तुलना करके किसी एक कि न्यूनता अथवा अधिकता बतलाई जाती है।
जैसे-राम श्याम से अधिक सुन्दर है।
(3) **उत्तमावस्था**-इसमें दो से अधिक वस्तुओं या व्यक्तियों की तुलना की जाती है। इसमें एक की दूसरी सब वस्तुओं या व्यक्तियों से न्यूनता या अधिकता बतलाई जाती है।
जैसे-राम सबसे वीर है
अभिषेक कक्षा में सबसे सुन्दर है

**7. मुझे बताओ तो तुम्हारा जन्म कब और कहाँ हुआ था? वाक्य का भेद बताइए:**

(a) सरल वाक्य (b) आश्रित वाक्य
(c) संयुक्त वाक्य (d) मिश्र वाक्य

**Ans. (d) :** रचना के आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं।
1. सरल/साधारण वाक्य- मोहन पढ़ता है
2. संयुक्त वाक्य- वह खाना खाया और बाजार चला गया।
3. मिश्र वाक्य-मुझे बताओ तो तुम्हारा जन्म कब और कहाँ हुआ था।
मिश्र वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और अन्य आश्रित उपवाक्य आपस में कि, जो, क्योंकि, जैसा, वैसा, जब, तब, यद्यपि, तथापि, तो, आदि से जुड़े होते हैं। जबकि संयुक्त वाक्य में दो सरल वाक्य आपस में योजक शब्दों और, तथा, अतः, इसलिए, अथवा, किन्तु, पर, या से जुड़े होते हैं।

8. **शुद्ध वाक्य छाँटिए :**

(a) कई रेलवे के कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।

(b) इस समय आपकी अवस्था चालीस वर्ष की है।

(c) हम तो अवश्य ही जाएँगे।

(d) मैं हल करने की तलाश में हूँ।

**Ans.** (b) 'इस समय आपकी अवस्था चालीस वर्ष की है।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध रूप होगा-
रेलवे के कई कर्मचारियों की गिरफ्तारी हुई।
हम अवश्य जाएँगे।
मैं हल करने के अभ्यास में हूँ।

9. **सर्प, मेंढ़क, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द है:**

(a) पशु (b) शिव

(c) हरि (d) कपिश

**Ans. (c) :** सर्प, मेंढ़क, सिंह, घोड़ा, वानर, हाथी आदि को समझाने वाला शब्द हरि है। 'हरि' अनेकार्थक शब्द है।

10. **कौन सी प्राचीन भाषा नहीं है?**

(a) अपभ्रंश (b) पंजाबी

(c) प्राकृत (d) संस्कृत

**Ans. (b) :** पंजाबी प्राचीन भाषा नहीं है। भाषा विकास का क्रम है
संस्कृत→पालि→प्राकृत→अपभ्रंश→अवहट्ट→प्राचीन हिन्दी

11. **अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगा:**

(a) किसी से (b) किन से

(c) किन्हीं से (d) किन को

**Ans. (c) :** 'किन्हीं से' अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में बहुवचन रूप होगा। जबकि किसी से, किन से अनिश्चयवाचक सर्वनाम का अपादान कारक में एकवचन रूप होगा।

12. **पुलिंग वाचक शब्द छाँटिए:**

(a) कैमरा (b) पायल

(c) प्लेट (d) तलवार

**Ans. (a) :** 'कैमरा' पुल्लिंगवाचक शब्द है। जबकि पायल, प्लेट, तलवार स्त्रीलिंग शब्द है।
हिन्दी में लिंग दो प्रकार के होते हैं–
1. पुल्लिंग– ऐसे शब्द जिनसे पुरुष जाति का बोध होता है, पुल्लिंग कहलाते हैं–जैसे राम, साला, काला आदि।
2. स्त्रीलिंग– ऐसे शब्द जिनसे स्त्रीलिंग जाति का बोध हो, स्त्रीलिंग कहलाते हैं–जैसे सीता, साली, काकी आदि।

13. **पाहुना का पर्यायवाची होगा:**

(a) कृषक (b) जंबुक

(c) आगंतुक (d) आदित्य

**Ans. (c) :** पाहुना का पर्यायवाची 'आगंतुक' होगा। इसके अन्य **पर्यायवाची शब्द–** अतिथि, पाहुन, अभ्यागत, मेहमान आदि हैं।
**कृषक के पर्यायवाची–** भूमिपुत्र, हलधर, खेतिहर, अन्नदाता, किसान, कृषिजीवी, हलवाह
**जंबुक के पर्यायवाची–** शृगाल, सियार, गीदड़
**आदित्य के पर्यायवाची–** दिनकर, दिवाकर, भानु, भास्कर, दिनेश आदि।

14. **इनमें से किस में निर उपसर्ग नहीं है?**

(a) निःशेष (b) निर्देश

(c) निर्बल (d) निर्वाह

**Ans. (a) :** निःशेष में निर उपसर्ग नहीं है क्योंकि इसमें 'निः' उपसर्ग लगा हुआ है। जबकि अन्य शब्द निर्देश, निर्बल, निर्वाह में 'निर्' उपसर्ग लगा हुआ है।
'निर्' का अर्थ – बिना, बाहर, निषेध, निरपराध है।

15. **शुद्ध वाक्य छाँटिए:**

(a) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।

(b) वह बिल्कुल बात करना नहीं चाहती थी।

(c) मैं आपकी भक्ति करता हूँ।

(d) बाघ और बकरी एक घाट पानी पीती हैं।

**Ans. (b) :** 'वह बिल्कुल बात करना नहीं चाहती थी।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं, जिनका शुद्ध वाक्य होगा-
मुझसे यह काम नहीं हो सकता।
बाघ और बकरी एक घाट पर पानी पीते हैं।

16. **समीप, छोटा तथा गौण के अर्थ में कौन सा उपसर्ग आता है?**

(a) उर् (b) उत्

(c) उव् (d) उप्

**Ans. (d) :** समीप, छोटा तथा गौण के अर्थ में 'उप्' उपसर्ग आता है। जबकि 'उत्' उपसर्ग का अर्थ 'श्रेष्ठ कोटि' होता है।

17. **कुंदन का पर्यायवाची होगा:**

(a) हेम (b) दुश्मन

(c) मतंग (d) स्वजन

**Ans. (a) :** कुंदन का पर्यायवाची हेम होगा।
कुंदन के अन्य पर्यायवाची शब्द–सोना, स्वर्ण, कंचन, कनक, हेम।
दुश्मन का पर्यायवाची– अरि, विपक्षी, दुश्मन, बैरी, शत्रु
मतंग का पर्यायवाची– गज, हाथी, कुंभी, मदकल
स्वजन का पर्यायवाची– स्नेही, सुहृदय, साथी, दोस्त

18. **Drowning man catches a straw का अर्थ है:**

(a) डूबने वालों को तिनका सहारा देता है।

(b) डूबने वालों को भगवान बचाता है।

(c) डूबते को तिनके का सहारा।

(d) डूबने वाला खुद को बचाने को संघर्ष करता है।

**Ans. (c) :** Drowning man catches a straw का अर्थ है- डूबते को तिनके का सहारा।

19. **कौन सा अधिकरण तत्पुरुष समास का नहीं है।**
(a) पुरुषोत्तम (b) देशाटन
(c) कुलश्रेष्ठ (d) धर्मभ्रष्ट

**Ans. (d) :** धर्मभ्रष्ट में अपादान तत्पुरुष समास होगा। जिसका समास विग्रह–'धर्म से भ्रष्ट' होता है, जबकि अन्य विकल्प अधिकरण तत्पुरुष समास के उदाहरण है-

| **शब्द** | **समास विग्रह** | **समास** |
|---|---|---|
| पुरुषोत्तम | पुरुषों में उत्तम | अधिकरण तत्पुरुष |
| देशाटन | देश में अटन (भ्रमण) | अधिकरण तत्पुरुष |
| कुलश्रेष्ठ | कुल में श्रेष्ठ | अधिकरण तत्पुरुष |

20. **शुद्ध वाक्य छाँटिए:**
(a) तुम इसका दाम देने जाओ।
(b) उसका संतान अच्छा है।
(c) मुझे आपका काम बहुत पसंद है।
(d) बेफजूल बात मत करो।

**Ans. (c) :** 'मुझे आपका काम बहुत पसंद है।' शुद्ध वाक्य है।

21. **पंजाब में हिन्दी का प्रचार किसने किया?**
(a) सदलमिश्र (b) श्रद्धाराम फुल्लोरी
(c) लल्लू लाल (d) राजा राम मोहन राय

**Ans. (b) :** पंजाब में हिन्दी का प्रचार श्रद्धाराम फुल्लौरी ने किया। सदलमिश्र, लल्लू लाल ये दोनों हिन्दी गद्य के चार प्रमुख स्तम्भों (इंशा अल्ला खाँ, सदल मिश्र, मुंशी सदासुख लाल, लल्लू लाल) में से एक हैं। राजा राम मोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का अग्रदूत और आधुनिक भारत का जनक कहा जाता है।

22. **सफलता न मिलने पर दुःखी होना को क्या कहते हैं?**
(a) क्षोभ (b) दया
(c) दुःख (d) कृपा

**Ans. (a) :** सफलता न मिलने पर दुःखी होने को क्षोभ कहते हैं। कृपा का अर्थ 'अनुग्रह' होता है।

23. **धूसर का पर्यायवाची होगा :**
(a) खनक (b) सदन
(c) बेसर (d) गजवदन

**Ans. (c) : धूसर** का पर्यायवाची– बेसर, खर, गर्दभ, रासभ, वैशाखनंदन, गधा आदि।
**खनक** का पर्यायवाची– दस्यु, तस्कर, रजनीचर, साहसिक, मोषक, कुम्भिल आदि।
**सदन** का पर्यायवाची– भवन, आलय, निकेतन, शाला, कुटी आदि।
**गजवदन** का पर्यायवाची– मोदकप्रिय, मूषकवाहन, भवानीनन्दन आदि।

24. **खाने की इच्छा है :**
(a) विभूक्षा (b) बुभुक्षा
(c) वीभुक्षा (d) भूभूक्षा

**Ans. (b) :** खाने की इच्छा है– बुभुक्षा।

25. **स्पर्श व्यंजन, कण्ठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है:**
(a) क (b) ग
(c) ख (d) घ

**Ans. (c) :** स्पर्श व्यंजन, कण्ठ्य ध्वनि, अघोष और महाप्राण ध्वनि है–ख।
स्पर्श व्यंजन– क, ख, ग, घ, ङ
कण्ठ्य ध्वनि– क, ख, ग, घ
अघोष– क, ख (प्रत्येक वर्ग का पहला, दूसरा व्यंजन और य, र, ल, व)
महाप्राण– ख, घ (प्रत्येक वर्ग का दूसरा, चौथा व्यंजन)

26. **दन्त्योष्ठ्य ध्वनि कौन सी है?**
(a) व (b) फ
(c) य (d) र

**Ans. (a) :** 'व' का उच्चारण स्थान दन्त्योष्ठ्य है।

| **वर्ण** | | **उच्चारण स्थान** |
|---|---|---|
| य | – | तालु |
| फ | – | कण्ठ |
| र | – | मूर्धा |

27. **जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए, तब वह क्या कहलाता है?**
(a) संयुक्त ध्वनियाँ (b) युग्मक ध्वनियाँ
(c) संपृक्त ध्वनियाँ (d) पारस्परिक ध्वनियाँ

**Ans. (b) :** जब एक ही ध्वनि का द्वित्व हो जाए तब वह युग्मक ध्वनियाँ कहलाती है।

28. **ई + आ = या। किस संधि में इस प्रकार का परिवर्तन होता है?**
(a) गुण संधि (b) अयादि संधि
(c) यण संधि (d) वृद्धि संधि

**Ans. (c) :** ई + आ = या। इस प्रकार का परिवर्तन यण सन्धि में होता है। उदाहरण परि + आवरण = पर्यावरण
**गुण** सन्धि–अ/आ + इ/ई, उ/ऊ, ऋ = ए, ओ, अर बनता है।
जैसे–महा+इन्द्र = महेन्द्र, महा+ऋषि = महर्षि
**वृद्धि** संधि– अ/आ + ए/ऐ, ओ/औ = ऐ, औ
जैसे- महा+ऐश्वर्य = महैश्वर्य

29. **देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग कहाँ हुआ था?**
(a) पाणिनि कृत अष्टाध्यायी में
(b) अपभ्रंश साहित्य में
(c) अमीर खुसरो की पुस्तकों में
(d) जयभट्ट के शिलालेख में

**Ans. (d) :** देवनागरी लिपि का सर्वप्रथम प्रयोग जयभट्ट के शिलालेख में हुआ था।

30. **बुरे अर्थ में प्रयुक्त होने वाला बद उपसर्ग किस भाषा का है?**
(a) संस्कृत (b) अंग्रेजी
(c) उर्दू–फारसी (d) हिन्दी

**Ans. (c) :** बुरे अर्थ में प्रयुक्त होने वाला 'बद' उपसर्ग उर्दू–फारसी भाषा का है। 'बद' उपसर्ग से बनने वाले कुछ शब्द– बदमाश, बदनाम, बदकिस्मत, बदबू आदि हैं।

**31. आहट, आवट, आस आदि किस प्रकार के तद्धित प्रत्यय है?**

(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य

(c) भाववाचक (d) संबंध वाचक

**Ans. (c) :** आहट, आवट, आस आदि भाववाचक तद्धित प्रत्यय हैं। इनमें निर्मित शब्द–

कड़वा + आहट = कड़वाहट

आम + आवट = अमावट

मीठा + आस = मिठास

**32. अपादान कारक, उत्तम पुरुष, बहुवचन रूप होगाः**

(a) मुझसे (b) हमसे

(c) मुझको (d) हमको

**Ans. (b) :** अपादान कारक, उत्तम पुरुष, बहुवचन रूप होगा– हमसे। मुझसे- अपादान कारक, उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है।

**33. दाँत काटी रोटी का अर्थ क्या है?**

(a) गहरी दोस्ती (b) प्रतिवाद करना

(c) गहरी दुश्मनी (d) पीछे पड़ना

**Ans. (a) :** दाँत काटी रोटी का अर्थ है–गहरी दोस्ती।

**34. सख्यभाव मिश्रित अनुराग को कहा जाता हैः**

(a) प्रणय (b) श्रद्धा

(c) प्रेम (d) सम्मान

**Ans. (a) :** सख्यभाव मिश्रित अनुराग को 'प्रणय' कहा जाता है। प्रेम का अर्थ प्रीति या प्यार होता है। किसी पर किया जाने वाला विश्वास 'श्रद्धा' कहलाता है। किसी के प्रति आदरपूर्ण भाव रखना 'सम्मान' कहलाता है।

**35. सोना का पर्यायवाची है :**

(a) पन्नग (b) ललित

(c) चित्ताकर्षक (d) जातरूप

**Ans. (d) :** सोना का पर्यायवाची जातरूप है।

ललित का पर्यायवाची– रुचिर, चारु, रम्य, रमणीय।

पन्नग का पर्यायवाची– नाग, भुजंग, फणी, अहि, उरग।

**36. शुद्ध वर्तनी वाला शब्द छाँटिए:**

(a) परिक्षा (b) मुमूर्षु

(c) मूमुर्षू (d) परीखा

**Ans. (b):** 'मुमूर्षु' शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है, जबकि अन्य विकल्प परिक्षा, परीखा अशुद्ध शब्द है जिनका शुद्ध रूप होगा–परीक्षा।

**37. पयोधि का संधि विच्छेद होगाः**

(a) पयः + धि (b) पयः + दधि

(c) पयः + उदधि (d) पयः + दधी

**Ans. (a) :** पयोधि का संधि विच्छेद पयः+धि होगा।

यहाँ विसर्ग संधि है। यदि विसर्ग के पहले 'अ' आये और उसके बाद वर्ग का तृतीय, चतुर्थ, पंचम वर्ण हो या 'य', 'र', 'ल', 'व', 'ह' हो तो विसर्ग का 'उ' हो जाता है और यह 'उ' पूर्ववर्ती 'अ' से मिलकर गुणसंधि द्वारा 'ओ' हो जाता है।

जैसे– पयः+धन = पयोधन,

तपः+बल = तपोबल

**38. कंठतालव्य कौन–सा हैः**

(a) उ, ऊ (b) र, ष

(c) ए, ऐ (d) अ, आ

**Ans. (c) :** कंठतालव्य ए, ऐ वर्ण है। उ, ऊ का उच्चारण स्थान ओष्ठ है। र, ष का उच्चारण स्थान मूर्धा है। अ, आ का उच्चारण स्थान कण्ठ है।

**39. कौन–सी बोली बिहारी की नहीं हैः**

(a) भोजपुरी (b) मगही

(c) जयपुरी (d) मैथिली

**Ans. (c) :** जयपुरी बोली, बिहारी उपभाषा की बोली नहीं है। यह राजस्थानी उपभाषा की बोली है। इसका विकास शौरसेनी अपभ्रंश से हुआ है। जबकि भोजपुरी, मगही, मैथिली, बिहारी उपभाषा की बोलियाँ हैं। बिहारी का विकास मागधी अपभ्रंश से हुआ है।

**40. अन्यपुरुष, एकवचन, सर्वनाम का संप्रदान कारक बहुवचन रूप होगाः**

(a) उससे (b) उनके

(c) उनसे (d) उन्हें

**Ans. (d) :** अन्यपुरुष, एकवचन, सर्वनाम का संप्रदान कारक बहुवचन रूप 'उन्हें' होगा।

**41. अर्चना <u>अत्यंत</u> सुन्दर है। रेखांकित पदों का भेद बताइए:**

(a) विशेषण (b) प्रविशेषण

(c) विशेष्य–विशेषण (d) सविशेषण

**Ans. (b) :** 'अर्चना <u>अत्यंत</u> सुन्दर है।' में रेखांकित पद प्रविशेषण है। प्रविशेषण– जो शब्द विशेषण शब्दों की विशेषता बताता है, उसे प्रविशेषण कहते हैं।

**42. हथियाना, चिकनाना किस प्रकार की क्रिया है?**

(a) नामधातु क्रिया (b) प्रेरणार्थक क्रिया

(c) यौगिक क्रिया (d) संयुक्त क्रिया

**Ans. (a) :** हथियाना, चिकनाना नामधातु क्रिया है।

**नामधातु क्रियाः**– संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण से मिलकर बनने वाली क्रिया नामधातु क्रिया कहलाती है जैसे– हाथ से हथियाना, बात से बतियाना, चिकना से चिकनाना आदि।

**43. कौन सा वाक्य आसन्न भूत काल में है?**

(a) तू आता तो मैं जाता। (b) मोहन आया, सीता गयी

(c) वह आया था। (d) मैंने आम खाया है।

**Ans. (d) :** मैंनें आम खाया है– वाक्य आसन्न भूतकाल में है। इस काल में क्रिया के व्यापार की समाप्ति की निकटता स्पष्ट होती है।

अन्य विकल्प– मोहन आया, सीता गयी – सामान्य भूतकाल,

वह आया था– पूर्ण भूतकाल, तू आता तो मैं जाता– हेतुहेतुमद् भूतकाल

**44. तत्सम शब्द है :**

(a) चत्वारि (b) अढ़ाई

(c) मोर (d) बैन

**Ans. (a) :** 'चत्वारि' तत्सम शब्द है तथा इसका तद्भव चार होता है। अन्य शब्द अढ़ाई, मोर, बैन तद्भव शब्द है, इनका तत्सम शब्द क्रमशः अर्धतृतीय, मयूर तथा वचन होता है।

**45. कौन सा फारसी शब्द नहीं है?**

(a) मलीदा (b) पैमाना

(c) इस्तीफा (d) तनख्वाह

**Ans. (c) :** इस्तीफा फारसी शब्द नहीं है बल्कि यह एक अरबी शब्द है। अन्य शब्द मलीदा, पैमाना, तनख्वाह फारसी शब्द है।
कुछ अन्य महत्वपूर्ण अरबी शब्द– इज्जत, इमारत, आदमी, किताब, इनाम, औरत, तकिया, जालिम, गरीब, मौसम, मशहूर, वारिस, हैजा, हमला आदि।

**46. पंकज, जलज, आदि किस प्रकार के शब्द हैं?**

(a) रुढ़ (b) यौगिक

(c) योगरूढ़ (d) मिश्रित

**Ans. (c) :** पंकज, जलज योगरूढ़ शब्द हैं।
**रचना के आधार पर शब्द भेद–**
**1. योगरूढ़:–** ऐसे शब्द जो सामान्य अर्थ को न प्रकट कर किसी विशेष अर्थ को प्रकट करते हैं योगरुढ़ कहलाते हैं।
**2. यौगिक शब्द:–** दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बनते हैं, जैसे–विज्ञान (वि+ज्ञान), प्रयोगशाला (प्रयोग+शाला)
**3. रूढ़ शब्द:–** जिन शब्दों के सार्थक खण्ड न हो तथा वे अपना एक निश्चित अर्थ रखते हों, जैसे–दिन, रात, घर, ......

**47. समास के पदों को अलग करने को क्या कहा जाता है?**

(a) विच्छेद (b) बदलाव

(c) विग्रह (d) विभक्ति

**Ans. (c) :** समास के पदों को अलग करने को विग्रह कहा जाता है। वर्णों के मेल को संधि तथा अलगाव को विच्छेद कहते हैं। शब्द के रुपांतरित अंग को विभक्ति कहते हैं। विभक्ति चिह्न को परसर्ग कहते हैं।

**48. कौन सा पद विकृत नहीं होता?**

(a) संज्ञा (b) अव्यय

(c) विशेषण (d) क्रिया

**Ans. (b) :** अव्यय पद विकृत नहीं होता। **अव्यय–** अव्यय वे शब्द होते हैं जिनके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, काल, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार नहीं होता। जैसे–जब, इधर, उधर, किन्तु, परन्तु, अतः, इसलिए आदि।

**49. शुद्ध वाक्य छाँटिए:**

(a) हम तो अवश्य ही जाएँगे।

(b) यह कहना आपकी भूल है।

(c) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।

(d) शास्त्रीजी की मृत्यु से हमें बड़ा दुःख हुआ।

**Ans. (d) :** 'शास्त्री जी की मृत्यु से हमें बड़ा दुःख हुआ।' शुद्ध वाक्य है। अन्य विकल्प अशुद्ध है जिनका शुद्ध रूप होगा–
1. हम अवश्य जाएंगे। 2. यह आप की भूल है।

**50. माँ का लड़का कहाँ गया? उद्देश्य का विस्तार भेद लिखिए।**

(a) विशेषण (b) सार्वनामिक विशेषण

(c) संबंध कारक (d) वाक्यांश

**Ans. (c) :** माँ का लड़का कहाँ गया? वाक्य में उद्देश्य का विस्तार भेद संबंध कारक है।

**51. बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप होगा:**

(a) बापा (b) बापती

(c) बपौता (d) बपौती

**Ans. (d) :** बाप का संबंधवाचक संज्ञा रूप बपौती है।

**52. अर्थ के आधार पर संबंधवाचक अव्यय को कितने भाग में विभक्त किया जाता है?**

(a) 13 (b) 12

(c) 14 (d) 15

**Ans. (a) :** अर्थ के आधार पर सम्बन्धबोधक अव्यय के 13 भेद हैं–
(1) कालवाचक – आगे, पीछे, बाद आदि
(2) स्थान वाचक – यहाँ, पास, निकट आदि
(3) दिशा वाचक – ओर, तरफ, प्रति आदि
(4) साधन वाचक – द्वारा, जरिये, सहारे आदि
(5) हेतुवाचक – लिये, निमित्त, हेतु आदि
(6) विषय वाचक – बाबत, नाम, विषय आदि
(7) व्यतिरेक वाचक – सिवा, अलावा, अतिरिक्त आदि
(8) विनिमय वाचक – बदले, जगह, एवज आदि
(9) सादृश्य वाचक – समान, भाँति, तुल्य आदि
(10) विरोध वाचक – खिलाफ, विरुद्ध, विपरीत आदि
(11) साहचर्य वाचक– साथ, समेत, सहित आदि
(12) संग्रह वाचक – तक, पर्यन्त, मात्र आदि
(13) तुलना वाचक – अपेक्षा, आगे, सामने आदि

**53. कौन सा संयुक्त क्रिया का भेद नहीं है?**

(a) अवकाशबोधक (b) निश्चयबोधक

(c) नित्यताबोधक (d) नामबोधक

**Ans. (d) :** नामबोधक संयुक्त क्रिया का भेद नहीं है। अन्य अवकाशबोधक, निश्चयबोधक, नित्यताबोधक संयुक्त क्रिया के भेद है।

**54. Grass on other side always looks greener. इसका हिन्दी अर्थ है :**

(a) दूर के ढोल सुहावने लगते हैं।

(b) पेड़ धरती को सुंदर बनाते हैं।

(c) परिवर्तन प्रकृति का नियम है।

(d) जीवन मात्र ही संघर्ष पूर्ण है।

**Ans. (a) :** Grass on other side always looks greener. इसका हिन्दी अर्थ है–दूर के ढोल सुहावने लगते हैं।

**55. अनिश्चयवाचक सर्वनाम का करण कारक बहुवचन रूप होगा:**

(a) किन्हीं को (b) किन्हीं की

(c) किन्हीं से (d) किन्हीं का

**Ans. (c) :** अनिश्चयवाचक सर्वनाम का करण कारक बहुवचन रूप 'किन्हीं से' होगा।

**56. कौन सा सर्वनाम का भेद नहीं है?**

(a) पुरुषवाचक (b) गुणवाचक

(c) निजवाचक (d) प्रश्नवाचक

**Ans. (b) :** गुणवाचक सर्वनाम का भेद नहीं है। यह विशेषण का भेद है। सर्वनाम के छः भेद होते हैं।
1. पुरुषवाचक
2. निश्चयवाचक
3. अनिश्चयवाचक
4. संबंधवाचक
5. प्रश्नवाचक
6. निजवाचक सर्वनाम।

57. पद परिचय को क्या नहीं कहा जाता है?
(a) पद संगठन (b) पद निर्देश
(c) पदान्वय (d) पद निर्णय

Ans. (a) : पद परिचय को पद संगठन नहीं कहा जाता है। अन्य विकल्प पद निर्देश, पदान्वय, पद निर्णय कहा जाता है।

58. वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के संबंध का बोध होता है, उसे क्या कहते हैं?
(a) संबंध कारक (b) अपादान कारक
(c) करण कारक (d) संप्रदान कारक

Ans. (c) : वाक्य में जिस शब्द से क्रिया के संबंध का बोध होता है उसे करण कारक कहते हैं।
**संबंध कारक–** संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जो हमें किन्हीं दो वस्तुओं के बीच संबंध का बोध कराता है वह संबंध कारक कहलाता है। इसका विभक्ति चिह्न का, की, के, रा, री, रे है जैसे– यह साहिल का बैग है।
**अपादान कारक–** संज्ञा या सर्वनाम का वह रूप जिससे किसी वस्तु के अलग होने का भाव उत्पन्न हो या बोध हो, उसे अपादान कारक कहते हैं। इसका विभक्ति चिह्न 'से' है। उदाहरण– पेड़ 'से' पत्ता नीचे गिर गया।
**सम्प्रदान कारक–** जिसके लिए क्रिया की जाती है, इसका विभक्ति चिह्न 'के लिए', 'हेतु' होता है। अर्थात् जिसे कुछ दिया जाए या जिसके लिए कुछ किया जाए उसका बोध कराने वाले संज्ञा के रूप को सम्प्रदान कारक कहते हैं। उदाहरण– अध्यापक विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें लाया।

59. Hiring of accommodation on proposed terms not approved. इसका हिन्दी अनुवाद होगा:
(a) किराए पर स्थान का अनुमोदन नहीं मिला।
(b) प्रस्तावित शता X पर स्थान किराए पर लेने का अनुमोदन नहीं मिला।
(c) प्रस्ताव शर्त में स्थान किराए का नहीं मिला।
(d) प्रस्तावित शता X पर स्थान किराए पर अनुमोदन नहीं मिला।

Ans. (b) : Hiring of accommodation on proposed terms not approved इसका हिन्दी अनुवाद होगा– प्रस्तावित शता X पर स्थान किराए पर लेने का अनुमोदन नहीं मिला।

60. Gopal ought to be ashamed of himself for such conduct. इसका हिन्दी अनुवाद होगा :
(a) गोपाल को अपने आचरण पर स्वयं लज्जित होना चाहिए।
(b) गोपाल को अपना आचरण पर लज्जा करता है।
(c) गोपाल को स्वयं अपने आचरण पर लज्जित होना पड़ा।
(d) गोपाल को अपने इस आचरण पर स्वयं लज्जित होना चाहिए।

Ans. (a) : Gopal ought to be ashamed of himself for such conduct. इसका हिन्दी अनुवाद होगा–गोपाल को अपने आचरण पर स्वयं लज्जित होना चाहिए।

61. उनके द्वारा अपना काम अब तक समाप्त नहीं किया गया है। अंग्रेजी में अनुवाद होगा।
(a) By them their work has yet not been finished.
(b) Their work has not yet been finished by them.
(c) Their work has not been finished yet.
(d) Their works have not yet been completed by them.

Ans. (b) : 'उनके द्वारा अपना काम अब तक समाप्त नहीं किया गया है।' का अंग्रेजी में अनुवाद होगा– Their work has not yet been finished by them.

**PSG1 :**
**अनुशासन जीवन की प्रत्येक स्थिति में आवश्यक है। अनुशासन सैनिक जीवन की आत्मा है। परिवार में सद्भाव बनाए रखने के लिए इसकी आवश्यकता पहले है। समाज और राष्ट्र में शांति और सद्भावपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए इसकी आवश्यकता भी है। ईश्वर की सृष्टि में यदि अनुशासन नहीं है तो अराजकता फैल जाएगी और यह विश्व तुरंत अस्त–व्यस्त हो जाएगा।**

62. अनुशासन क्यों आवश्यक है?
(a) सद्भाव और शांति के लिए
(b) परिवार में सद्भाव और समाज तथा राष्ट्र में शांति और सद्भावपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए
(c) सैनिक जीवन को स्वस्थ बनाने के लिए
(d) स्थिति को कायम रखने के लिए

Ans. (b) : परिवार में सद्भाव और समाज तथा राष्ट्र में शांति और सद्भावपूर्ण संबंध बनाए रखने के लिए अनुशासन आवश्यक है।

63. अनुशासन किसकी आत्मा है?
(a) सैनिक जीवन की (b) हर व्यक्ति की
(c) ईश्वर की (d) राष्ट्र और समाज की

Ans. (a) : अनुशासन सैनिक जीवन की आत्मा है। अन्य विकल्प असंगत है।

64. विश्व के अस्त–व्यस्त होने का कारण है:
(a) अनुशासन होना (b) अनुशासन न होना
(c) अराजकता फैलना (d) सद्भाव न रहना

Ans. (b) : अनुशासन का न होना विश्व के अस्त–व्यस्त होने का कारण है।

65. पास ही पास शब्द में किस प्रकार की द्विरुक्ति हुई है?
(a) क्रियाविशेषण (b) विभक्तियुक्त शब्द की
(c) विशेषण शब्द की (d) सर्वनाम शब्द की

Ans. (b) : पास ही पास शब्द में विभक्तियुक्त शब्द की द्विरुक्ति हुई है।

66. यदि आपको अपने मित्र को पत्र लिखना पड़े तो संबोधन में लिखेंगे:
(a) आदरणीय मित्र! (b) पूजनीय मित्र!
(c) प्रिय मित्र! (d) महोदय!

Ans. (c) : यदि आपको अपने मित्र को पत्र लिखना पड़े तो संबोधन में लिखेंगे–प्रिय मित्र। जबकि आदरणीय का प्रयोग अपने से बड़ों के लिए प्रयोग किया जाता है।

67. कौन–सा कथन असत्य/गलत है:
(a) अर्धशासकीय पत्र मित्रतापूर्ण भाषा में लिखा जाता है।
(b) संबोधन के लिए 'प्रिय' लिखा जाता है।

(c) स्वनिर्देश के लिए 'आपका सद्भावी' (सिसेयरली) लिखा जाता है।

(d) इसमें भेजने वाला हस्ताक्षर करके पद का उल्लेख भी करता है।

**Ans.** (d) : इसमें भेजने वाला हस्ताक्षर करके पद का उल्लेख भी करता है। यह कथन गलत है। इसका शुद्ध रूप होगा- इसमें भेजने वाले का हस्ताक्षर भी है। अन्य विकल्प सत्य/सही हैं।

**68. सभी राज्य सरकारों को भेजा जाने वाला सरकारी पत्र कहलाता है:**

(a) अनुस्मारक (b) अधिसूचना
(c) परिपत्र (d) कार्यालय आदेश

**Ans.** (c) : सभी राज्य सरकारों को भेजा जाने वाला सरकारी पत्र 'परिपत्र' कहलाता है। वह पत्र जो स्मरण दिलाए अनुस्मारक कहलाता है।

**69. निम्नलिखित में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है?**

(a) कन्नौजी (b) ब्रजभाषा
(c) खड़ीबोली (d) जयपुरी

**Ans.** (d) : जयपुरी उत्तर प्रदेश की बोली नहीं है। जयपुरी बोली का प्रयोग पूर्वी राजस्थान के क्षेत्रों में होता है। इसीलिए इसे पूर्वी राजस्थानी भी कहते हैं। ब्रजभाषा मथुरा, अलीगढ़, आगरा में बोली जाती है। कन्नौजी कन्नौज, फर्रूखाबाद, हरदोई, शाहजहाँपुर के क्षेत्रों में बोली जाती हैं। खड़ीबोली मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर के क्षेत्रों में बोली जाती है।

**70. सभी महाप्राण वर्णों वाला वर्ग है:**

(a) ख छ ठ (b) ध च ड
(c) म श ध (d) य द घ

**Ans.** (a) : ख छ ठ सभी महाप्राण वर्णों वाला वर्ग है।
अल्पप्राण– सभी वर्गों का पहला, तीसरा, पाँचवा और अन्तःस्थ व्यंजन।
महाप्राण– सभी वर्गों का दूसरा, चौथा और ऊष्म व्यंजन।

**71. सभी स्पर्श व्यंजन कौन–से वर्ग में है?**

(a) क र ल ह (b) य श द र
(c) क च प द (d) ह श र ब

**Ans.** (c) : क, च, प, द सभी स्पर्शी व्यंजन हैं। अन्य विकल्प के सभी वर्ण स्पर्श व्यंजन नहीं हैं।

**72. 'अत्युक्ति' शब्द में संधि है:**

(a) दीर्घ (b) गुण
(c) यण (d) अयादि

**Ans.** (c) : 'अत्युक्ति' शब्द में यण संधि होगा। अति + उक्ति = अत्युक्ति। यदि इ, ई, उ, ऊ, ऋ के बाद भिन्न स्वर आए तो इ, ई का य तथा उ, ऊ का व और ऋ का र हो जाता है।
जैसे– अति + अधिक = अत्यधिक
अनु + ऐषण = अन्वेषण
मातृ + आज्ञा = मात्राज्ञा

**73. 'बोलोचित' शब्द का संधिविच्छेद होगा:**

(a) बोलो + चित (b) बाल + उचित
(c) बाला + चित (d) बा + लोचित

**Ans.** (b) : 'बालोचित' शब्द का संधिविच्छेद 'बाल + उचित' होगा। यहाँ गुण संधि है। इसके नियमानुसार यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ या ई, उ या ऊ और 'ऋ' स्वर आये तो दोनो मिलकर क्रमश 'ए', 'ओ' और 'अर्' हो जाते हैं।
जैसे– नव + ऊढ़ा = नवोढ़ा
महा + ईश = महेश
**नोट**–आयोग ने बोलोचित शब्द दिया है जबकि सही शब्द बालोचित होगा।

**74. 'प्रत्याशा' शब्द में उपसर्ग है:**

(a) अ (b) प्र
(c) प्रति (d) प्रत्या

**Ans.** (c) : 'प्रत्याशा' शब्द में 'प्रति' उपसर्ग है। प्रति (उपसर्ग)+ आशा (मूल शब्द)। प्रति का अर्थ–विरोध, प्रत्येक, हर एक है।

**75. 'औपचारिक' शब्द में प्रत्यय लगा है :**

(a) अ (b) क
(c) इक (d) ईक

**Ans.** (c) : 'औपचारिक' शब्द में इक प्रत्यय लगा है। उपचार+इक = औपचारिक। अन्य प्रत्यय अ, क, ईक असंगत है।

**76. 'नीलाम्बर' शब्द में कौन–सा समास है?**

(a) तत्पुरुष (b) द्वंद्व
(c) अव्ययीभाव (d) कर्मधारय

**Ans.** (d) : 'नीलाम्बर' शब्द में कर्मधारय समास है।
कर्मधारय समास– इसमें समस्त पद समान रूप से प्रधान होता हैं इसके लिंग, वचन भी समान होते हैं। इस समास में पहला पद विशेषण तथा दूसरा पद विशेष्य होता है, विग्रह करने पर कोई नया शब्द नहीं बनता है - जैसे चन्द्रमुख, चरणकमल आदि।

**77. निम्नलिखित में से तत्सम शब्द कौन–सा है?**

(a) शिखा (b) चंदा
(c) रात (d) बात

**Ans.** (a) : 'शिखा' तत्सम शब्द है। अन्य शब्द तद्भव है।

| तद्भव शब्द | | तत्सम शब्द |
|---|---|---|
| चंदा | – | चन्द्रमा |
| रात | – | रात्रि |
| बात | – | वार्ता |

**78. <u>पशु</u> चर रहे हैं। रेखांकित पद है:**

(a) व्यक्ति वाचक संज्ञा (b) जाति वाचक संज्ञा
(c) भाववाचक संज्ञा (d) द्रव्यवाचक संज्ञा

**Ans.** (b) : <u>पशु</u> चर रहे हैं। रेखांकित पद जातिवाचक संज्ञा है।
जातिवाचक संज्ञा– ऐसे शब्द जिनसे किसी व्यक्ति वस्तु या स्थान की सम्पूर्ण जाति का बोध हो जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं। जैसे– मोबाइल, गाँव, स्कूल, आदमी, जानवर, पर्वत, लड़का आदि।

**79. <u>यह</u> मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद है:**

(a) संज्ञा
(b) संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण
(c) विशेषण
(d) क्रिया विशेषण

Ans. (b) : यह मकान मेरे भाई का है। रेखांकित पद संकेतवाचक सर्वनाम विशेषण है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

80. हम ताजमहल देखने जाएँगे। रेखांकित पद है:
(a) निजवाचक सर्वनाम
(b) पुरुषवाचक सर्वनाम
(c) निश्चय वाचक सर्वनाम
(d) अनिश्चय वाचक सर्वनाम

Ans. (b) : हम ताजमहल देखने जाएँगे। रेखांकित पद पुरुषवाचक सर्वनाम है। अन्य विकल्प असंगत है।

# सामान्य ज्ञान
## (GENERAL KNOWLEDGE)

**81. What was the period of Alauddin Khilji's reign over Delhi?**
**दिल्ली में अलाउद्दीन खिलजी के शासनकाल की अवधि क्या थी?**
(a) 1296 to 1316 (b) 1286 to 1316
(c) 1303 to 1334 (d) 1410 to 1437

Ans. (a) : दिल्ली में अलाउद्दीन खिलजी के शासन काल की अवधि 1296–1316 ई. तक थी। उसका साम्राज्य अफगानिस्तान से लेकर उत्तर मध्य भारत तक फैला था। अलाउद्दीन खिलजी दिल्ली सल्तनत के खिलजी वंश का दूसरा शासक था। अलाउद्दीन खिलजी के प्रमुख विजय अभियान–
1. गुजरात विजय – 1298 ई.
2. जैसलमेर विजय – 1299 ई.
3. रणथम्भौर विजय – 1301 ई.
4. चित्तौड़ आक्रमण – 1303 ई.

**82. What is the percentage of Indian population for whom agriculture is the primary source of livelihood?**
**कितनी प्रतिशत भारतीय जनंसख्या की आजीविका का प्राथमिक स्रोत कृषि है?**
(a) 54 percent/54 प्रतिशत
(b) 58 percent /58 प्रतिशत
(c) 62 percent /62 प्रतिशत
(d) 66 percent /66 प्रतिशत

Ans. (a) : वर्तमान में 54 प्रतिशत भारतीय जनसंख्या की आजीविका का प्राथमिक स्रोत कृषि है। रोजगार तथा आजीविका सृजन में इसकी अधिकता के कारण कृषि को भारतीय अर्थव्यवस्था का मूलाधार माना जाता है। यह कच्ची सामग्री का भी एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है तथा अनेक औद्योगिकी उत्पादों विशेषतः उर्वरक, कीटनाशी कृषि औजारों तथा अनेक प्रकार की उपभोक्ता वस्तुओं के लिए इसकी भारी माँग है।

**83. Support of a minimum MPs is required to introduce a motion of no–confidence against the Council of Ministers in the Indian parliament.**
**भारतीय संसद में मंत्रिमण्डल के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए न्यूनतम ................... सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है।**
(a) 100 (b) 25
(c) 75 (d) 50

Ans. (d) : भारतीय संसद में मंत्रिमंडल के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश करने के लिए न्यूनतम 50 सांसदों के समर्थन की आवश्यकता होती है। ध्यातव्य है कि संविधान में अविश्वास प्रस्ताव का कोई उल्लेख नही किया गया है। किन्तु संविधान के अनुच्छेद–118 के तहत प्रत्येक सदन को अपनी प्रक्रिया नियम बनाने का अधिकार है। अतः लोकसभा के नियम 198 के तहत प्रावधान किया गया है कि कोई भी सदस्य लोकसभा अध्यक्ष को मंत्रिमण्डल (सरकार) के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दे सकता है।

**84. Which among the following entities signed Memorandum of Understanding (MoU) with Business France to promote investment facilitation and cooperation between startups of India and France?**
**निम्नलिखित में से किस संस्था ने भारत और फ्रांस के बीच स्टार्टअप हेतु निवेश सुविधा और सहयोग को बढ़ा देने के लिए बिजनेस फ्रांस के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू ) पर हस्ताक्षर किए?**
(a) India Live/इंडिया लाइव
(b) Invest India/इन्वेस्ट इंडिया
(c) India Pitchers/इंडिया पिचर्स
(d) Corporate India/कार्पोरेट इंडिया

Ans. (b) : "इन्वेस्ट इंडिया" ने भारत और फ्रांस के बीच स्टार्टअप हेतु निवेश सुविधा और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए फ्रांस के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता विज्ञान और प्रौद्योगिकी समझौता है जिसमें केवल तकनीकी सहायता में ज्ञान का आदान–प्रदान और सहयोग शामिल है। यह समझौता ज्ञापन ऊर्जा सक्षमतः बढ़ाने तथा माँग प्रबन्धन से संबंधित नीतियों, कार्यक्रमों और टेक्नोलॉजी पर संरचना के आदान–प्रदान को प्रोत्साहित करेगा।

**85. With which part of India is kingdom of the Palas associate with?**
**पाल साम्राज्य भारत के किस हिस्से से संबंधित है?**
(a) Western/पश्चिमी (b) Eastern/पूर्वी
(c) Southern/दक्षिणी (d) Northern/उत्तरी

Ans. (b) : पाल साम्राज्य का विस्तार भारत के 'पूर्वी' हिस्से में था। पाल साम्राज्य मध्यकालीन भारत का एक महत्त्वपूर्ण राजवंश था जो कि 750–1174 ईसवीं तक चला। इस साम्राज्य की स्थापना गोपाल ने की थी। इस वंश की राजधानी मुंगेर थी। पाल वंश का सबसे महान शासक धर्मपाल था जिसने विक्रमशिला विश्वविद्यालय की स्थापना की।

**86. How much is the estimated quantity of food grain production in India during 2017–18?**
**2017–18 के दौरान भारत में खाद्यान्न उत्पादन की अनुमानित मात्रा कितनी है?**

(a) 279.51 million tonnes/27,95,10,000 टन
(b) 284.51 million tonnes /28,45,10,000 टन
(c) 289.51 million tonnes /28,95,10,000 टन
(d) 294.51 million tonnes /29,45,10,000 टन

**Ans. (a) :** वर्ष 2017–2018 के दौरान भारत में खाद्यान्न उत्पादन की अनुमानित मात्रा–279.51 मिलियन टन थी जबकि उत्पादन 275.17 मिलियन टन रहा।
वर्ष 2018–19 में कुल खाद्यान्न की अनुमानित मात्रा 284.51 मिलियन टन है।

**87. Who is the current Governor of Karnataka?**
**कर्नाटक के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?**
(a) Kiran Bedi/किरण बेदी
(b) Vajubhai Rudhbhai Vala/वजुभाई रुधभाई वाला
(c) Keshari Nath Tripathi/केसरी नाथ त्रिपाठी
(d) Kalyan Singh/कल्याण सिंह

**Ans. (b) :** कर्नाटक के वर्तमान राज्यपाल 'वजुभाई रुधभाई वाला' है। अन्य राज्यों के राज्यपाल
पश्चिम बंगाल – केशरी नाथ त्रिपाठी
राजस्थान – कल्याण सिंह
तमिलनाडु –बनवारी लाल पुरोहित
छत्तीसगढ़ – आनन्दी बेन पटेल

**88. How many ranks has India moved up the Global Innovation Index in 2018, as compared to its rank in 2017?**
**2017 में भारत ने पायदान की तुलना में 2018 में वैश्विक नवोत्थान सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इन्डेक्स) में कितने पायदान की प्रगति की है?**
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**Ans. (c) :** वैश्विक नवोत्थान सूचकांक (ग्लोबल इनोवेशन इन्डेक्स) 2018 में भारत 130 देशों में 57वें स्थान पर था। 2018 में Global Innovation Index का 11वाँ संस्करण था जो सुयंक्त रूप से कार्नेल विश्वविद्यालय इनसीड और बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा जारी किया गया था। 2018 में भारत ने Global Innovation Index 2017 को 60वीं रैंक की तुलना में 3 पायदान की प्रगति की है और मध्य और दक्षिण एशिया में शीर्ष रैंकिंग अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है।

**89. Union Ministry of Petroleum and Natural Gas recently amended Petroleum and Natural Gas Rula 1959 to include _________ in definition of _________.**
**केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने हाल ही में ................ को ................ की परिभाषा में शामिल करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियम 1959 में संशोधन किया।**
(a) Coal; Petroleum/कोयला; पेट्रोलियम
(b) Shale; Petroleum /शैल; पेट्रोलियम
(c) Helium; Natural Gas /हीलियम; प्राकृतिक गैस
(d) Hydrogen; Natural Gas/हाइड्रोजन; प्राकृतिक गैस

**Ans. (b) :** केन्द्रीय पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शेल को पेट्रोलियम में शामिल करने के लिए पेट्रोलियम व नेचुरल गैस नियम 1959 में संशोधन किया है। अब पेट्रोलियम की नयी परिभाषा में प्राकृतिक हाइड्रोकार्बन, चाहे वे प्राकृतिक गैस अथवा तरल के रूप में हो, ठोस रूप अथवा दोनों का मिश्रण हो, को शामिल किया गया है।

**90. What is the keyboard shortcut for 'Undo' function?**
**'Undo' फंक्शन का कीबोर्ड शॉर्टकट क्या है?**
(a) Ctrl + Z (b) Ctrl + V
(c) Ctrl + C (d) Ctrl + U

**Ans. (a) :** 'Undo' फंक्शन का कीबोर्ड शॉर्टकट Ctrl + Z है। जबकि
Ctrl + V का पेस्ट (Paste)
Ctrl + C का कॉपी (Copy)
Ctrl + U का रेखांकित करने (underline text) का शॉटकर्ट-की है।

**91. Khizr Khan belonged to which of the following dynasties?**
**खिज्र खान निम्नलिखित में से किस राजवंश से संबंधित था?**
(a) Slave Dynasty/गुलाम वंश
(b) Khilji Dynasty /खिलजी वंश
(c) Sayyid Dynasty /सैय्यद वंश
(d) Shah Dynasty /शाह वंश

**Ans. (c) :** खिज्र खां, दिल्ली सल्तनत के सैय्यद वंश (1414-1451 ई.) का संस्थापक था। इसने मंगोल आक्रमणकारी तैमूर को सहयोग प्रदान किया था। बदले में तैमूर ने इसे लाहौर, मुल्तान और दिपालपुर की सूबेदारी सौंपी। ध्यातव्य है कि खिज्र खां ने सुल्तान की उपाधि धारण नहीं की बल्कि वह 'रैयत-ए-आला' की उपाधि से ही सन्तुष्ट रहा।

**92. What is India's rank in fruit production in the world during 2017–18?**
**2017–18 में विश्व में फल उत्पादन में भारत का कौन सा स्थान है?**
(a) Fisrt/पहला (b) Second/दूसरा
(c) Third/तीसरा (d) Fourth/चौथा

**Ans. (b) :** 2017–18 विश्व फल उत्पादन में भारत का चीन के बाद दूसरा स्थान है।

**93. Where is Greenland lacated?**
**ग्रीनलैंड कहाँ स्थित है?**
(a) South Pacific/दक्षिण प्रशांत
(b) India Ocean/हिंद महासागर
(c) Caribbean Sea/कैरेबियन सागर
(d) North Atlantic /उत्तरी अटलांटिक

**Ans. (d) :** ग्रीनलैंड दुनिया का सबसे बड़ा द्वीप है और यह उत्तर अमेरिका और यूरोप के बीच उत्तरी अटलांटिक महासागर में स्थित है।

**94. Fugitive Economic Offenders Bill, 2018, That aims to curb practice of evading criminal prosecution by economic offenders fleeing from country, will replace the ordinance promulgated by the President in ________.**
**भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक 2018, जिसका उद्देश्य देश से भागने वाले आर्थिक अपराधियों द्वारा आपराधिक अभियोजन पक्ष से बचने के अभ्यास को रोकना है, राष्ट्रपति द्वारा .................. को लागू किए गए अध्यादेश को प्रतिस्थापित करेगा।**

(a) Febryary 2016/फरवरी 2016
(b) April 2018/अप्रैल 2018
(c) June 2018/जून 2018
(d) December 2017/दिसंबर 2017

**Ans. (b) :** संसद ने भगोड़ा आर्थिक अपराधी विधेयक 2018 जिसका उद्देश्य देश से भागने वाले आर्थिक अपराधियों द्वारा आपराधिक अभियोजन पक्ष से बचने के अभ्यास को रोकना है, जो भारतीय अदालतों के अधिकार क्षेत्र के बाहर शेष भारतीय कानून से भागने के लिए भाग ले सकता है। राष्ट्रपति द्वारा अप्रैल 2018 को लागू किए गए अध्यादेश को प्रतिस्थापित करेगा। इसमें भगोड़े आर्थिक अपराधी बिल की सूचीबद्ध 100 करोड़ रुपए से अधिक के मूल्य वाले आर्थिक अपराध इस कानून के दायरे में आते हैं।

**95. ________ has announced that it has clinched a deal with India on reduction of tariffs (import duties) on India medicines including anti–cancer drugs.**
**.............. ने घोषणा की है कि उसने कैंसर विरोधी दवाओं सहित भारतीय दवाओं पर टैरिफ (आयात शुल्क) को कम करने पर भारत के साथ समझौता किया है।**

(a) Japan/जापान (b) South Korea/दक्षिण कोरिया
(c) France/फ्रांस (d) China/चीन

**Ans. (d) :** चीन ने यह घोषणा किया है कि उसने कैंसर विरोधी दवाओं सहित भारतीय दवाओं पर टैरिफ (आयात शुल्क) को कम करने पर भारत के साथ समझौता किया है।

**96. When was Earth Overshoot Day 2018?**
**पृथ्वी ओवरशूट दिवस 2018 कब था?**

(a) May 15/15 मई (b) August 1/1 अगस्त
(c) July 21/21 जुलाई (d) June 1/1 जून

**Ans. (b) :** 2018 में पृथ्वी ओवरशूट दिवस 1 अगस्त को मनाया गया था। पृथ्वी प्रवासी दिवस (Earth Overshoot day) जिसे पहले पारिस्थितिक ऋण दिवस के रूप में जाना जाता है। यह एक गणनात्मक कैलेंडर तिथि है, जिस पर वर्ष के लिए मानवता की संसाधन खपत उन संसाधनों को पुनः प्राप्त करने की पृथ्वी की क्षमता अधिक है। 2017 से यह 2 अगस्त को तथा 2018 में 1 अगस्त को यह दिवस मनाया गया था।

**97. In early $12^{th}$ century. Delhi was ruled by the ________.**
**12वीं शताब्दी के आरंभ में दिल्ली पर किसका शासन था?**

(a) Tomar Dynasty /तोमर वंश
(b) Dhilji Dynasty /खिलजी वंश
(c) Sayyid Dynasty /सैय्यद वंश
(d) Tughluq Dynasty /तुगलक वंश

**Ans. (a) :** 12वीं शताब्दी के आरंभ में दिल्ली पर तोमर वंश का शासन था। अनंगपाल दिल्ली के तोमर वंश के संस्थापक थे।

**98. The Government of India aims to cover ________ percent of Gross Cropped Area under Pradhan Mantri Fasal Bime Yojana in 2018–19.**
**भारत सरकार का लक्ष्य 2018–19 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत सकल फसल क्षेत्र का .................. प्रतिशत संरक्षित करना है।**

(a) Fifty/पचास (b) Sixty/साठ
(c) Seventy/सत्तर (d) Eighty/अस्सी

**Ans. (a) :** भारत सरकार का लक्ष्य 2018–19 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) के तहत सकल फसल क्षेत्र का 50 प्रतिशत संरक्षित करना है। इस योजना को 13 जनवरी 2016 को प्रारम्भ किया गया था।

**99. Which among the following in the highest non–Asign mountain peak?**
**निम्नलिखित में से कौन सा उच्चतम पर्वत शिखर गैर–एशियार्ड है?**

(a) Mount Kilimanjaro/किलिमंजारो पर्वत
(b) Mount Elbrus/एल्ब्रुस पर्वत
(c) Mount McKinley /मैकिनली पर्वत
(d) Mount Aconcagua/अकोंकागुआ पर्वत

**Ans. (d) :** एशिया से बाहर विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत शिखर अकोंकागुआ पर्वत अर्जेन्टीना में स्थित है।

**100. Prevention of Corruption (Amendment) Bill, 2018 amends various provisions of Prevention of Corruption Act (PCA) ________.**
**भ्रष्टाचार निरोधक (संशोधन) विधेयक, 2018 भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम (पीसीए) ................ के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करता है।**

(a) 1971 (b) 1988
(c) 1994 (d) 2003

**Ans. (b) :** भ्रष्टाचार निरोधक (संशोधन) विधेयक, 2018 भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम (पीसीए) 1988 के विभिन्न प्रावधानों में संशोधन करता है। अधिकांश संशोधन अधिनियम में मौजूदा प्रावधानों को मजबूत करने और अपराधों के कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से है।

**101. In which year was Global Footprint Network founded?**
**ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की स्थापना किस वर्ष हुई थी?**

(a) 1991 (b) 1971
(c) 2003 (d) 2010

**Ans. (c) :** ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क की स्थापना 2003 में हुई थी। 2003 में ग्लोबल फुटप्रिंट मूल रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका, बेल्जियम और स्विट्जरलैण्ड में स्थित एक स्वतंत्र थिंक टैंक है। इसका मुख्यालय ऑकलैण्ड (कैलिफोर्निया) में स्थित है। ग्लोबल फुटप्रिंट नेटवर्क पर्यावरणीय पदचिह्न और जैव-क्षमता सहित स्थिरता को आगे बढ़ाने के लिए उपकरण विकसित करता है और बढ़ावा देता है।

**102. How many agreements were singed following delegation–level talks between Prime MInister Narendra Modi and Rwandan president paul Kagame in July 2018?**
**जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रवांडा के राष्ट्रपति पाडल कागमे के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद कितने समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे?**

(a) 4 (b) 8
(c) 12 (d) 16

**Ans. (b) :** जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रवांडा के राष्ट्रपति पाडल कागमे के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तरीय वार्ता के बाद 8 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए थे।

**103. Which among the following is NOT a database software in computers?**
**निम्नलिखित में से कौन सा कम्प्यूटर का डेटाबेस सॉफ्टवेयर नहीं है?**

(a) MS Access/एमएस एक्सेस
(b) Foxpro/फॉक्सप्रो
(c) Oracle/ऑराकल
(d) MS Word/एमएस वर्ड

**Ans. (d) :** एमएस वर्ड कम्प्यूटर का डेटाबेस सॉफ्टवेयर नहीं है। यह एक ग्राफिकल वर्ड प्रोसेसिंग प्रोग्राम है, जो उपयोगकर्ता टाइप कर सकते हैं जबकि एमएस एक्सेस, फॉक्सप्रो, ऑराकल तीनों एक कम्प्यूटर का डेटाबेस सॉफ्टवेयर है।

**104. How much amout in being invested by the Government of India in the Pradham Mantri Krishi Sinchai Yojana?**
**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में भारत सरकार द्वारा कितनी राशि का निवेश किया गया है?**

(a) Rs. 20000 crore (b) Rs. 30000 crore
(c) Rs. 40000 crore (d) Rs. 50000 crore

**Ans. (d) :** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना में भारत सरकार द्वारा 50,000 करोड़ रुपये की राशि का निवेश किया गया है। इस योजना में श्रृंखला अर्थात् जल स्रोत, वितरण नेटवर्क तथा फार्म स्तर के अनुप्रयोग पर ध्यान केन्द्रित करके एकीकृत विकास की कल्पना की गई है। 2015–16 के दौरान लघु सिंचाई के तहत 8.0 लाख हेक्टेयर क्षेत्र लाने का लक्ष्य निर्धारित की गई थी। दिसम्बर 2019 तक 99 मुख्य और मध्यम सिंचाई को मिशन मोड में पूरा किए जाने का भी निर्णय लिया गया है। इसके अतिरिक्त 76.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के तहत लाया जा सकेगा।

**105. All of the following are Kharif crops, EXCEPT ________.**
**निम्नलिखित में से ............... को छोड़ कर सभी खरीफ फसलें हैं।**

(a) Maize/मक्का (b) Ragi/रागी
(c) Millet/बाजरा (d) Wheat/गेहूँ

**Ans. (d) :** वर्षा ऋतु की फसलों को खरीफ कहा जाता है इन्हें मई से जुलाई के बीच बोया जाता है एवं सितम्बर, अक्टूबर में काटा जाता है। अन्य खरीफ फसल मक्का, बाजरा, कपास, जूट, मूंगफली, सोयाबीन, धान आदि हैं जबकि गेहूँ रबी की फसल है, जो अक्टूबर-नवम्बर में बोयी जाती है एवं मार्च-अप्रैल में काटी जाती है। इसकी अन्य प्रमुख फसलें चना, मटर, सरसों, अलसी, तम्बाकू आदि हैं।

**106. Parliament has passed the State Banks (Repeal and Ammendment) Bill, 2017 to merge ________ subsidiary banks with the State Bank of India.**
**संसद ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ ................ सहायक बैंकों को मर्ज करने के लिए स्टेट बैंक (निरस्त और संशोधन ) विधेयक 2017 पारित किया है।**

(a) 4 (b) 6
(c) 2 (d) 8

**Ans. (b) :** संसद ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ 6 (छह) सहायक बैंकों को मर्ज करने के लिए स्टेट बैंक (निरस्त और संशोधन) विधेयक 2017 मंजूरी दे दी है। यह विधेयक 21 जुलाई, 2017 को वित्त मंत्री अरुण जेटली द्वारा लोकसभा में पेश किया गया था।

**107. How many cows were gifted by Prime Minister Narendra Modi villagers from Rweru villages as part of the Rwandan Government's Girinka programme?**
**रवांडा सरकार के गिरिका कार्यक्रम के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुवेरू गाँव के ग्रामीणों को कितनी गायों का उपहार दिया?**

(a) 50 (b) 150
(c) 200 (d) 300

**Ans. (c) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रवांडा सरकार के गिरिंका कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को 200 गायों का उपहार दिया, जिनके पास अभी तक गाय नहीं है। रवांडा के राष्ट्रपति पाडल कागमे की उपस्थिति में, ग्रामीणों को सौंपने के लिए कार्य रुवेरु गॉव में आयोजित किया गया था।

**108. Which among the following is NOT an open source software?**
**निम्नलिखित में से कौन ओपेन सोर्स सॉफ्टवेयर नहीं हैं?**

(a) Linux/लाइनेक्स
(b) Microsoft Office/माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस
(c) Mozilla Firefox/मोजिला फायरफॉक्स
(d) Android/एंड्रायड

**Ans. (b) :** ओपेन सोर्स सॉफ्टवेयर, ऐसे सॉफ्टवेयर को कहा जाता है जिसके 'सोर्स कोड' सभी के लिए ओपन हो जिसमें कोई भी अपना योगदान देकर उससे बेहतर बना सकता है। इसके उदाहरण है– एंड्रायड, लाइनेक्स, मोजिला फायरफॉक्स इत्यादि।

109. **Which among the following is the highest waterfall in the world?**
**निम्नलिखित में कौन सा दुनिया में सबसे ज्यादा ऊँचाई वाला झरना है?**
(a) Mutarazi/मुटराजी (b) Monge/मोंगे
(c) Tugela/टुगेला (d) Angel/एंजिल

**Ans. (d) :** दुनिया में सबसे ज्यादा ऊँचाई वाला झरना 'एंजिल झरना' है। जिसकी ऊँचाई 979 मीटर (3217 फिट) है यह झरना वेनजुऐला में स्थित है।

| झरना | ऊँचाई | स्थान |
|---|---|---|
| एंजिल जल प्रपात (Angel waterfalls) | 979 मी. | वेनजुऐला |
| टुगेला जल प्रपात (Tugela falls) | 948 मी. | साउथ अफ्रीका |
| मोंगेफोशन (Mongefossen falls) | 773 मी. | नार्वे |
| मुटराजी (Mutarazi falls) | 762 मी. | जिम्बाम्वे |

110. **In which year did Muhammad Ghori lose to Prithviraja III?**
**मुहम्मद गोरी किस वर्ष पृथ्वीराज तृतीय से पराजित हुआ था?**
(a) 1471 (b) 1191
(c) 1391 (d) 1061

**Ans. (b) :** पृथ्वीराज चौहान तृतीय ने 1191 ई. में तराईन की पहली लड़ाई में मुस्लिम शासक शाहबुद्दीन मुहम्मद गोरी को पराजित किया और उन्हें दया के संकेत के रूप में मुक्त कर दिया। ध्यातव्य है कि तराईन के दूसरे युद्ध में वह मुहम्मद गोरी से पराजित हुआ और भारत में तुर्की राज्य की स्थापना हुई।

111. **The length of the total coastline of India including Andaman & Nicobar and Lakshadweep is approximately ___________.**
**अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप समेत भारत की कुल तटीय रेखा की लम्बाई लगभग .................. है।**
(a) 6,500 km (b) 4,200 km
(c) 7,500 km (d) 9,200 km

**Ans. (c) :** अंडमान और निकोबार तथा लक्षद्वीप समेत की तटीय रेखाओं सहित भारत की तटरेखा की लम्बाई 7517 किमी. है। भारतीय मुख्य भूमि की तटरेखा की लम्बाई 6100 किमी. है। भारतीय मुख्य भूमि की तटरेखा पश्चिम में अरब सागर, पूर्व में बंगाल की खाड़ी और दक्षिण में हिंद महासागर से घिरा हुआ है। भारत की लंबी तट रेखा कांडला, मुम्बई, न्हावाशेवा, मैंगलोर, कोचीन, चेन्नई, तुतीकोरिन, विशाखापत्तनम तथा पारादीप जैसे कई प्रमुख बंदरगाहों के साथ बिखरी है। भारत में सबसे लम्बी तटरेखा गुजरात के साथ लगती है।

112. **In which year was India invaded by Taimur?**
**भारत पर तैमूर ने किस वर्ष आक्रमण किया था?**
(a) 1294 (b) 1417
(c) 1213 (d) 1398

